मेट्रो 3 कॉरिडोर के 13 स्टेशनों की खुदाई पूरी

■ **वसं, मुंबईः** राज्य की पहली भूमिगत मेट्रो का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMRCL) ने मंगलवार को मेट्रो-3 कॉरिडोर के 26 स्टेशनों में से 13 स्टेशनों की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। कॉर्पोरेशन ने आगामी चार महीने में बचे हुए 13 स्टेशनों की खुदाई का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। एमएमआरसीएल के योजना संचालक एस.के गुप्ता के अनुसार, बचे हुए स्टेशनों की खुदाई का काम 87 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। योजना के मुताबिक काम आगे भी जारी रहा तो, दिसंबर 2021 में आरे से बीकेसी के बीच पहली मेट्रो चलेगी। जून 2022 तक पूरे मार्ग पर मेट्रो दौड़ने लगेगी। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33 किलोमीटर लंबा मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। अप और डाउन दिशा मिलाकर कुल 55 किलोमीटर में से करीब 40 किलोमीटर तक भूमिगत मार्ग तैयार किया जा चुका है। कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट, हुतात्मा चौक, सीएसएमटी, साइंस म्यूजियम, सिद्धिविनायक, एमआईडीसी, मरोल नाका, सहार रोड, छत्रपति मेट्रो टर्मिनल, राष्ट्रीय एयरपोर्ट और सीप्ज मेट्रो स्टेशन की खुदाई का काम पूरा किया गया है।

मई तक सभी स्टेशनों का काम पूरा